महत्वपूर्ण एवं खास

पंचायत सचिव रविशंकर नायक निलंबित

रायगढ़। सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने जनपद पंचायत तमनार ग्राम पंचायत महलोई के पंचायत सचिव रविशंकर नायक को गोधन न्याय योजना के कार्यो में रूचि नहीं लेने, उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण प्रथम दृष्टियां दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव नायक को कार्यालय जनपद पंचायत तमनार में अटैच किया गया है।

राज्य के उत्तरी इलाको में हो सकती हैं हल्की बारिश

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में हवा की दिशा बदलने की वजह से अब गर्मी भी बढने लगी है। दोपहर की धूप भी चुभने लगी है। वही बुधवार को राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रहा मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि अरब सागर से आने वाली पश्चिमी हवा और बंगाल की खाड़ी से आने वाले गर्म और नमी युक्त दक्षिण हवा का संगम स्थल पूर्वी मध्य प्रदेश है। इसके प्रभाव से ही आज प्रदेश के उत्तरी भाग में कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश के आसार है। वही मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी में और बढ़ोतरी होगी। न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी संभावित है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस बलरामपुर में दर्ज किया गया।

कॉपी राईट मामले में तीन मोबाईल दुकानदारों पर हुई कार्यवाई

एप्पल कंपनी का नकली सामान को असली बताकर बेच रहे थे, 170390 रुपये कीमत का सामान जब्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने कॉपी राईट मामले में तीन मोबाईल दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 170390 रूपये के सामान जप्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित संदीप पिता महेन्द्र सिंह तंवर 36 वर्ष निवासी सुमेर नगर वार्ड 12 मान सरोवर थाना मोहाना मण्डी जयपुर राजस्थान ने गोलबाजार थाना में शिकायत दर्ज कराई कि रविभवन स्थित श्री मोबाईल दुकान, एसकेआर मोबईल दुकान एवं मोबाईल पावर होल सेल दुकान में एप्पल कंपनी का नकली सामान को असली बताकर बेचा जा रहा है। पुलिस ने इस रिपोर्ट पर कल तीनों दुकानों में दबिश देकर वहां से 01 लाख 70 हजार 390 रूपये कीमत का यूएसबी केबल, एयर पाट्रस, फोन का बैक कव्हर व अन्य सामान जब्त कॉपी राईट की धारा 51, 63 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

हाईकोर्ट एवं जिला न्यायालयों की विभिन्न कार्यालयीन व्यवस्थाओं को लेकर मंत्रालय में हुई बैठक

रायपुर (आरएनएस)। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल संजय जायसवाल के साथ प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन के साथ मंत्रालय महानदी भवन में बैठक कर हाईकोर्ट एवं जिला न्यायालयों की विभिन्न कार्यालयीन व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी रामकुमार तिवारी, सचिव वित्त श्रीमती अलरमेल मंगई डी. एवं सचिव लोक निर्माण सिद्धार्थ कोमल परदेशी मौजूद थे।

जादू-टोना के शक में हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के गीदम थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम हिरोली पटेलपारा में जादू-टोना के शक में 22 फरवरी को हत्या के आरोपी मनोज कश्यप पिता बोमडा कश्यप उम्र 22 वर्ष निवासी हिरोली पटेलपारा ने भीमा पदामी को लोहे के पाईप से प्राणघातक हमला कर हत्या कर फरार हो गया था। प्रार्थीया श्रीमती सुक्को बाई पति भीमा पदामी की रिपोर्ट के बाद मुखबीर से सूचना पर हत्या के आरोपी को नागुल के जंगल से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे के पाईप जप्त कर आरोपी को कर आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थीया श्रीमती सुक्को बाई पति भीमा पदामी उम्र 35 वर्ष साकिन हिरोली पटेलपारा द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 फरवरी को उसका पति भीमा पदामी जोगु के घर की ओर गया था तभी इसका पति बचाव-बचाव चिल्लाने की अवाज आने पर वह अपने घर के बाहर निकली तो देखी इसका पति को गांव के मनोज कश्यप ने लोहे की पाइप से जान से मारने की नियत से सिर में अनेको बार मारकर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया है, इस दौरान प्रार्थीया बीच-बचाव करने जाने पर इसे भी लोहे के पाईप से पैर में मारकर चोट पहुंचाया है, आरोपी घटना घटित कर फरार है कि रिपोर्ट पर थाना गीदम मे अपराध क्रमांक 18/2022 धारा 323, 302 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया।

लंबित राजस्व मामलों के निराकरण में लाये तेजी, कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा जैसे प्रकरणों में अविलंब कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को हितग्राहियों के नजूल पट्टों के नवीनीकरण करवाने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने लोक सेवा केन्द्र से संबधित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में अविवादित एवं विवादित नामांतरण, खाता विभाजन जैसे लंबित प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को कहा कि लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने रायगढ़, पुसौर एवं धरमजयगढ़ में ई-नामांतरण से संबंधित लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताते हुए जल्द निराकरण कर अपडेट करने को कहा। सीमांकन एवं खाता विभाजन प्रकरण के संबंध में कलेक्टर सिंह ने कहा कि बंटवारा से संबंधित कितने प्रकरण वर्तमान में दर्ज एवं लंबित है, समीक्षा कर प्रकरणों को निर्धारित लक्ष्य बना कर निराकरण किया जाए।

नगरीय निकायों की शासकीय नजूल भूमि आबंटन की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में नजूल भूमि व्यवस्थापन अंतर्गत राजस्व अधिकारी नजूल पट्टों का भूमि स्वामी हक प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जाए। कलेक्टर सिंह ने भू-भाटक वसूली पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भू-भाटक में जिले का अच्छा प्रदर्शन है। उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण एवं फ्री होल्ड वाले प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने व्यवस्थापन के टारगेट तथा उपलब्धि पर चर्चा की तथा संबंधित अधिकारी को व्यवस्थापन की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने आरबीसी 6-4 के अंतर्गत जनहानि के दो तथा ओलावृष्टि व फसल क्षति, मकान क्षति के प्रकरण पर मुआवजा का वितरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सड़क दुर्घटना, अज्ञात वाहन एक्सीडेंट से संबंधित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने डिजीटल हस्ताक्षर सत्यापन की स्थिति की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनचौपाल एवं कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण किया जाए। कलेक्टर सिंह ने तहसीलों में पटवारियों की संख्या की जानकारी ली एवं जिन तहसीलों में पटवारियों की कमी है। उन तहसीलों में पटवारी पदस्थ करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने पटवारियों के लिए कम्प्यूटर खरीदी की जानकारी ली। जिस पर अपर कलेक्टर कुरूवंशी ने बताया कि कम्प्यूटर खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर सिंह ने हाट-बाजार योजना के अन्तर्गत संचालित वाहनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 15 वाहन ब्रांडिग के साथ संचालन के लिए तैयार है। इससे हाट-बाजार में वृद्धि होगी और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा। इस दौरान गौठानों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों की डयूटी लगाने एवं गौठानों की समीक्षा के लिए एक नियत फार्मेट तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने गौठानों की कन्वर्जन रेशियों बढ़ाने, गोठानों में 2-3 मल्टी एक्टीविटी सुनिश्चित करने तथा चारागाह का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, एसडीएम धरमजयगढ़ संवित मिश्रा, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन सहित सभी राजस्व अधिकारी, एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान : 27 को पिलायी जायेगी वैक्सीन की खुराक

रायगढ़। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत रायगढ़ जिले में 27 फरवरी रविवार को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलायी जाएगी। तीन दिवसीय यह अभियान में शून्य से 05 साल तक के 1 लाख 79 हजार 413 बच्चों को पोलियो खुराक दी जायेगी। अभियान में पहले दिन 27 फरवरी को बूथ स्तर पर एवं 28 फरवरी तथा 01 मार्च 2022 को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा। पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग व्यापक रूप से तैयारियों में जूट गयी है। कलेक्टर भीम सिंह एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने सभी अभिभावकों को 27 फरवरी को अपने 5 साल तक बच्चों को पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो वैक्सीन की खुराक अवश्य पिलाने हेतु आग्रह किया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी. पी. पटेल ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। वैक्सीन एवं आई.ई.सी.सामग्री विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में वितरित की जा चूकी है। अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्र के खण्ड चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन को सूचारू रूप से कार्य संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में 40 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

- लाखा जंगल रानीकुंडा में कोतवाली पुलिस की शराब रेड कार्रवाई

रायगढ़। अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई करने के एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर की टीम द्वारा आज दिनांक 24/02/2022 की सुबह लाखा जंगल में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री की सूचना पर रेड कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी से 40 लीटर महुआ शराब कीमती 8000 रूपये का बरामद हुआ है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 24/02/2022 के सुबह पेट्रोलिंग दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को लाखा जंगल भीतर एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने की सूचना मुखबिर द्वारा दिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली उपनिरीक्षक नंदलाल पैंकरा, बी.एस. डहरिया, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र यादव, आरक्षक रूपराम साहू, कमलेश सागर के साथ लाखा शराब रेड कार्यवाही के लिये रवाना हुये, जहां लाखा जंगल अंदर घेराबंदी दौरान रानीकुंडा के पास एक व्यक्ति शराब के चार जरीकेन के साथ बैठा मिला, जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम सुलोचन खड़िया पिता स्वर्गीय जुगो खड़िया उम्र 55 वर्ष निवासी लाखा थाना कोतवाली का रहने वाला बताया जिसके पास से पुलिस टीम द्वारा 10 लीटर क्षमता वाले चार डब्बे में भरा हुआ 40 लीटर महुआ शराब की जब्ती की गई है। आरोपी पर थाना कोतवाली में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

घर लौट रहे हलवाई को चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, घंटे भर बाद पकड़े गये आरोपी

रायगढ़। दिनांक 23.02.2022 के रात्रि पुलिस चौकी जूटमिल में महात्मा गांधी रोड़ स्थित पंडित भोजनालय में हलवाई का काम करने वाले महेन्द्र कुमार साहू द्वारा घर लौटते वक्त मिनीमाता चौक रेल्वे ओवर ब्रिज के पास दोपहर करीब 12.00 बजे दो युवक चाकू दिखा कर पर्स में रखे 4,900 रूपये लूट करना चौकी प्रभारी उत्तम साहू को बताया। चौकी प्रभारी द्वारा पीड़ित महेन्द्र कुमार साहू पिता सुख चैन साहू उम्र 30 साल निवासी गुडेलिया थाना भाटापारा जिला बलौदाबाजार हाल पता पंडित भोजनालय रायगढ़ के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 392 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अपराध पंजीबद्ध के बाद टीआई उत्तम साहू अपने स्टाफ के साथ आरोपियों की पतासाजी में रवाना हुये। पीड़ित महेन्द्र कुमार साहू द्वारा चौकी प्रभारी को आरोपियों में एक लड़का दूसरे को अशफाक नाम से पुकारना बताया था। चंद घंटों बाद टीआई उत्तम साहू द्वारा पीड़ित के बताये हुलिए अनुसार संदेही अशफाक खान को मिनीमाता चौक के पास संदिग्ध घूमते हुए हिरासत में लिया गया जिसे लेकर चौकी आये और कड़ी पूछताछ किये जिसमें अशफाक खान अपने साथी राजेश अग्रवाल के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया जिसके मेमोरेंडम के नगदी रकम ₹2,000 तथा घटना में प्रयुक्त चाकू को आरोपी अशफाक खान के पास से जप्त किया गया है। अशफाक खान के साथ आरोपी राजेश अग्रवाल उर्फ मुन्ना को हिरासत में लेकर उसके मेमोरेंडम पर नगदी ₹2,000 तथा पीड़ित का आधार कार्ड पर गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है।

जूटमिल पुलिस द्वारा एक दफा फिर गंभीर अपराध पर त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी (1) अशफाक खान पिता मोहम्मद कलीम खान उम्र 25 वर्ष निवासी बाजीराव पारा गंधरी पुलिया के सामने जूटमिल, चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़ (2) राजेश अग्रवाल उर्फ मुन्ना पिता सुरेश अग्रवाल उम्र 25 वर्ष निवासी बंगला पारा स्टेशन रोड के पास थाना कोतवाली रायगढ़ को लूट के संगीन अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। माल मुल्जिम की पतासाजी में चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू, आरक्षक बनारसी सिदार, सत्या यादव, जितेन्द्र दुबे, विनय तिवारी, सतीश लकड़ा, सरोज सिदार, हेमंत चन्द्रा की सराहनीय भूमिका रही है।

मोटर सायकल पर गांजा की तस्करी कर रहा तस्कर गिरफ्तार

- आरोपी से 15 किलो गांजा और पल्सर बाइक जप्त, बरमकेला पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़। मंगलवार दिनांक 22/02/2022 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों की एसपी आफिस कांफ्रेस रूम में बैठक लिया गया था , जिसमें अनुविभागवार अपराधों की समीक्षा कर परीक्षण करता राजपत्रित अधिकारियों को अपने अनुभाग में लघु एवं प्रतिबंधक कार्रवाईयां अधिक से अधिक करने के निर्देश दिये गये। वहीं एसडीओपी प्रभात पटेल को ओड़िशा से किसी भी प्रकार की गांजे की तस्करी न हो पाये यह सुनिश्चित करने कहा गया। निर्देशों के तहत एसडीओपी सारंगढ़ के मार्गदर्शन पर बरमकेला थाना प्रभारी निरीक्षक एल.पी. पटेल के नेतृत्व में दिनांक 23.02.2022 को बरमकेला पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ओड़िशा से बाइक के जरिये की जा रही गांजा की तस्करी को विफल किया गया है। आरोपी से करीब 15 किलो गांजा व बाइक की जप्ती कर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 23/02/2022 के रात्रि थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल को मुखबिर से सूचना मिला कि एक काला-नीला रंग के पल्सर मोटर सायकल क्रमांक CG 10 AU 2196 में एक व्यक्ति उडीसा तरफ से बरमकेला रोड़ होते हुये जिला गौरेला पेन्ड्रा मरवाही तरफ अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जाने वाला है। सूचना पर कार्रवाई के लिये थाना प्रभारी द्वारा हमराह स्टाफ डोंगीपानी बेरियर के पास नाकेबंदी की गई। नाकेबंदी दौरान पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को पल्सर बाइक पर तेज रफ्तार से आता दिखा जिसे पुलिस स्टाफ घेराबंदी कर रोका गया। पुछताछ करने पर अपना नाम श्यामसुन्दर निषाद गौ.पे.म. का रहने वाला बताया जिसे कार्यवाही की जानकारी देकर उसके मोटर सायकल वाहन में रखे एक पिट्ठे बैग तथा एक कपडे के बैग की तलाशी लिया गया जिसके अंदर खाखी रंग प्लास्टिक टेप से लपेटा हुआ कुल जुमला 08 पैकेट में मादक पदार्थ गांजा भरा था, जिसका तौल कराने पर 07 पैकेट गांजा प्रत्येक में 02 - 02 किलोग्राम एवं 01 पैकेट मे 01 किलोग्राम कुल वजन 15 किलोग्राम किमती लगभग 75,000 रूपये का पाया गया। आरोपी से गांजा एवं पल्सर मोटर सायकल क्रमांक CG 10 -AU- 2196 कीमती लगभग 90,000 रूपये की जप्ती कर धारा 20(B) NDPS ACT की कार्रवाई कर आज दिनांक 24.02.2022 को आरोपी श्यामसुंदर निषाद पिता रामअवतार निषाद उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम मठियाडांड चौकी कोटमी ओल्ड गौरेला, जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गांजा रेड की कार्रवाई में थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल, प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय, आरक्षक नंद कुमार चौहान, दिनेश कुमार चौहान, कन्हैया चौहान, मिनकेतन पटेल और विनित तिर्की की अहम भूमिका रही है।

धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे नियमित रूप से आ रहे स्कूल-जिला शिक्षा अधिकारी

रायगढ़। हाथियों का खौफ, नहीं जाते स्कूल के संबंध में खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत कुल कुल 328 प्राथमिक शाला, 120 माध्यमिक शाला, 23 हाईस्कूल एवं 17 हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है। जिसमें क्रमश: प्राथमिक में 1090, मिडिल में 1049, हाईस्कूल में 1702, कुल 3841 विद्यार्थी अध्ययनरत है। भौगोलिक दृष्टिकोण से यह जगह वन एवं पहाड़ी क्षेत्र के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम है।

वनांचल एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण विकास खण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत हाथियों का विचरण समय-समय पर होता रहता है, किन्तु अध्ययनरत विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य प्रभावित नहीं होता है। शालाओं में विद्यार्थियों को शिक्षकों एवं प्राचार्य द्वारा सचेत करते हुए अध्ययन हेतु प्रोत्साहित किया जाता है एवं वन विभाग द्वारा भी ग्रामों में समूहों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है। हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आसपास के एवं दूरस्थ अंचल क्षेत्र के विद्यार्थी अध्ययन करते है। जिली शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में विद्यार्थियों के शाला त्यागी या स्कूल छोडने संबंधी बात सही नहीं है। पर्याप्त संख्या में विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आते है। अभी तक किसी भी विद्यार्थी की हाथियों के कारण दुर्घटना नहीं हुई है। जनसमुदाय, वन विभाग एवं शिक्षकों द्वारा समय-समय पर बच्चों को हाथियों से बचाव के उपाय भी बताये जाते है।

जूटमिल में आयोजित हुआ एसपी अभिषेक मीणा का जनदर्शन

- जनदर्शन में वार्डवासियों के साथ पार्षदों ने रखी वार्ड की समस्याएं
- असामाजिक तत्व की शिकायत पर जुलूस निकाल कर कड़ी कार्यवाही करने के दिये निर्देश

रायगढ़। दिनांक 24/02/2022 को पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा चौक पर पुलिस अधीक्षक का "जनदर्शन कार्यक्रम" आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित आये जूटमिल क्षेत्र के वार्डवासियों को जनदर्शन कार्यक्रम लगाये जाने का उद्देश्य बताएं कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशन पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय एवं डीजीपी महोदय द्वारा प्रत्येक जिलों से जनदर्शन का फॉलोअप लिया जा रहा है। जनदर्शन का उद्देश्य है कि अधिकारी पब्लिक के बीच जाए, पब्लिक की समस्याएं सुने। मौके पर निराकरण होने वाली शिकायतों का त्वरित रूप से निराकरण किया जावें तथा ऐसी शिकायतें जिनमें जांच की आवश्यकता है उन्हें प्राप्त कर अल्प समय में निराकरण कर आमजन की समस्याएं दूर की जावें। वे बताएं कि जिला पुलिस द्वारा घरघोड़ा, चक्रधरनगर के बाद कोविड को ध्यान में रखते हुए "जनदर्शन" के साथ "पुलिस जन चौपाल" का कार्यक्रम जिले में पुनः प्रारंभ किया गया है। जूटमिल में जनदर्शन लगाए जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक बताएं कि जूटमिल क्षेत्र के अधिकतर रहवासी पुलिस कार्यालय आकर अपनी समस्याएं बताते हैं इसलिए उन्होंने जूटमिल की जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनना चाहा है और यह जन चौपाल लगाया गया।

जन चौपाल में वार्डवासियों के साथ कई वार्डो के पार्षद भी उपस्थित थे। पार्षदगण भी पुलिस अधीक्षक के समक्ष वार्ड की समस्याएं बताई गई जिनका निराकरण पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया है। वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद विनोद महिष बताये कि स्कूल के समय स्कूल परिसर के समीप मनचलो, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है जिस का कार्रवाई करावें। एसपी मीणा द्वारा चौकी प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू को ऐसे मनचलों असामाजिक तत्वों का जुलूस नगर में निकाल कर उन पर कड़ी कार्यवाही करें ताकि अन्य असामाजिक लोगों पर संदेश जाए कि महिलाओं पर छींटाकशी संगीन अपराध की श्रेणी में आता है। वार्ड पार्षद द्वारा स्कूल के समय भारी वाहनों पर रोक लगाए जाने का भी अनुरोध किया गया जिस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात पुलिस से व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जागरूक पत्रकार नरेंद्र चौबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में रोड एक्सीडेंट तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी की शिकायतें लायी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा जन चौपाल से सभी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देशित किये कि जब भी पेट्रोलिंग किसी शिकायत या अपराध की सूचना पर संबंधित क्षेत्र में जाए तो कार्यवाही कर ही लौटे, ऐसा ना हो कि सायरन बजाते जाए और सायरन बजाते वापस आ जाएं। उन्होंने एडिशनल एसपी को निर्देशित किया कि जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया जाए कि जिले के हर थानाक्षेत्र में पेट्रोलिंग को सुदृढ किया जाए। जनदर्शन कार्यक्रम में पुलिस विभाग के साथ ही अन्य विभागों की शिकायतें भी रखी गई जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से आवश्यक पहल करना बताये। जनदर्शन में आई गीता महंत द्वारा पुलिस अधीक्षक से अपनी मार्मिक अपील कि वह विकलांगता फार्म जमा की है किंतु उसके खाते में पैसा नहीं आया है, आंख के ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही है जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें ऑपरेशन के खर्च के बारे में जानकारी लेकर बताये कि वह अपना इलाज रायपुर एमएमआई में कराना चाहे तो जिला पुलिस आने-जाने तथा अन्य प्रबंध करेगी अन्यथा रायगढ़ में स्थानीय अस्पताल में इलाज कराना चाहती है तो यथासंभव आर्थिक मदद जिला पुलिस द्वारा किया जावेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा मीडिया साथियों से चर्चा कर बताएं कि जिला पुलिस का प्रमुख उद्देश्य जिलेवासियों को सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है। जनदर्शन कार्यक्रमों के माध्यम से जिलेवासियों का फीडबैक लिया जाता है व रायगढ़ पुलिस की टीम मिलकर कार्य कर रही है। वे जनदर्शन में वार्डवासियों द्वारा असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही, पेट्रोलिंग बढ़ाने, ट्रैफिक में सुधार तथा सीसीटीवी लगाने के सुझाव व शिकायतें प्राप्त हुआ है। मौखिक शिकायतों का निराकरण किया है, लिखित शिकायतें का जल्द निराकरण कर आवेदक को अवगत कराया जावेगा। जनदर्शन कार्यक्रम में एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी योगेश कुमार पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली मनीष नागर, चौकी प्रभारी उत्तम साहू तथा उनके स्टाफ मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480